**भारत सरकार**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3917**
**उत्तर देने की तारीख 19.12.2024**

**लघु और मध्यम उद्यमों को सहायता देने वाली योजनाएँ**

**†3917. डॉ. आलोक कुमार सुमनः**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में लघु और मध्यम उद्यमों (एसएमई) को सहायता देने के लिए कोई नई योजना या कार्यक्रम शुरू किया है;

(ख) यदि हां, तो इन योजनाओं का ब्यौरा क्या है, जिसमें उनके उद्देश्य, लक्षित लाभार्थी और प्रत्येक योजना के लिए वित्तीय आवंटन शामिल हों;

(ग) सरकार द्वारा इन योजनाओं के सफल कार्यान्वयन और आवंटित निधि के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(घ) क्या सरकार ने देश में एसएमई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पिछली योजनाओं के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए कोई आकलन या सर्वेक्षण किया है और ऐसे मूल्यांकन के निष्कर्ष क्या हैं?

**उत्तर**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

**(क) से (ग):** एमएसएमई मंत्रालय ने जून 2024 में केंद्रीय क्षेत्र स्कीम "एमएसएमई कार्यनिष्पादन का उत्थान और गतिवर्धन" के अंतर्गत एक नई उप-स्कीम एमएसई व्यापार सक्षमता और विपणन (एमएसई टीम) का शुभारंभ किया है, जिस पर 277.35 करोड़ रुपये का व्यय होगा और इसकी कार्यान्वयन अवधि तीन वर्ष (वर्ष 2024-25 से वर्ष 2026-27) होगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य, सूक्ष्म और लघु उद्यमों को ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों के साथ एकीकृत करके विभिन्न बाजारों तक पहुंच बनाने में सहायता करना है। एमएसई टीम पहल का लक्ष्य पांच लाख सूक्ष्म और लघु उद्यमों को लाभ पहुंचाना है। मंत्रालय ने राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एनएसआईसी) को कार्यान्वयन एजेंसी नामित किया है। मंत्रालय ने एमएसएमई के बीच एमएसई टीम पहल के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए कई कार्यशालाएं आयोजित की हैं।

**(घ):** मंत्रालय की कुछ स्कीमों का मूल्यांकन किया गया, जिनका ब्यौरा निम्नानुसार है:

| **क्र.सं.** | **स्कीम का नाम** | **मूल्यांकन अध्ययन का वर्ष** | **संक्षेप में निष्कर्ष** |
|---|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हब | 2020 | एनएसएसएच ने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के सूक्ष्म और लघु उद्यमों के विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है तथा उनके कौशल उन्नयन और नए बाजार संपर्क स्थापित करने में उनकी सहायता के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों का निवारण किया है। |

****